सूर्योदय 6:04 सूर्यास्त 6:23
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम 34.3
न्यूनतम 23.0

साधनों व संसाधनों का अभाव इन्सान को निर्धन नहीं बनाता, व्यक्ति की सोच उसे निर्धन या धनवान बनाती है।

49 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2019-21 मूल्य 1/-

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in संस्थापक : उत्तम चन्द्र शर्मा (M. 9837042840) सम्पर्क सूत्र : (कार्यालय) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-49 | अंक-256 | बृहस्पतिवार 16 सितम्बर, 2021 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-दशमी, सम्वत् 2078 | पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है**

कांग्रेस के टिकट के लिए जेब ढीली करनी पड़ेगी : लखनऊ



फ़ेसबुकिया शौक भी 11000 का पड़ेगा.....

# बैंक में गार्ड की बंदूक चलने से महिला समेत तीन लोग जख्मी

**❑बाला जी चौक स्थित बैंक में हुआ हादसा, फर्श पर गिरकर चली गार्ड की दोनाली बंदूक ❑गोली चलने से बैंक में मची भगदड़, पुलिस ने जब्त की बंदूक, गार्ड से पूछताछ**

मुजफ्फरनगर, 15 सितंबर (बु.)। शहर के बालाजी चौक पर इंडियन ओवरसीज बैंक में बुधवार दोपहर अचानक गोली चलने से महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। हादसे के दौरान बैंक परिसर ग्राहकों से खचाखच भरा था। उस समय गार्ड के कंधे पर लटकी दो नाली बन्दूक बेल्ट टूटने के कारण फर्श पर गिर गई। परिणाम यह हुआ कि लोडिड बंदूक चल गई, जिसके छर्रे वहां मौजूद किन्नर की बहन समेत तीन लोगों के पैर में लग गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भर्ती कराने के साथ पुलिस ने गार्ड और बंदूक को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



बैंक परिसर में गोली लगने के बाद फर्श पर पड़ा खून व जूता

शहर के बाला जी चौक पर स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा में इन दिनों आधार कार्ड बनाने का काम चल रहा है, जिस कारण अन्य दिनों के मुकाबले बुधवार को काफी भीड़-भाड़ थी। गार्ड मेहंदी हसन निवासी खालापार भीड़ को संभालने में जुटे थे। इसी बीच हसन के कंधे पर लटकी हुई दोनाली बंदूक बेल्ट टूटने के कारण झटके से फर्श पर जा गिरी। बंदूक लोड होने के कारण गिरते ही बंदूक से गोली चल गई और 12 बोर के छर्रे वहां मौजूद रुबीना निवासी मल्लूपुरा, रवि उर्फ मोनू निवासी मखियाली और गौरव निवासी आनंदपुरी के पैरों में जा लगे। इस घटना से बैंक परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घायलों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बैंक में गोली चलने की खबर पर एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय और सीओ सिटी कुलदीप सिंह शहर कोतवाली और सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेने के साथ गार्ड और आर्मी से सेवानिवृत्त मेहंदी हसन को पूछताछ के लिए थाने ले आई। इसी दौरान किन्नरों ने घटनास्थल पर आकर हंगामा कर दिया। दरसअल रुबीना एक किन्नर की बहन बताई गई है। पुलिस ने उन्हें समझाकर शांत किया। बाद में घायलों को निजी अस्पताल से जिला अस्पताल में रैफर किया गया। सीओ सिटी कुलदीप सिंह ने बताया कि यह हादसा गार्ड की बंदूक के बेल्ट टूटने के कारण फर्श पर गिरने के दौरान हुआ। गनीमत यह रही कि महिला समेत तीनों लोगों के पैरों में ही छर्रे लगे हैं। हादसा इससे भी बड़ा हो सकता था। दोनाली बंदूक को कब्जे में लेने के साथ गार्ड से घटना को लेकर पूछताछ की जा रही है। बैंक कर्मचारियों ने बताया कि गार्ड पांच माह पहले ही एजेंसी के माध्यम से बैंक में आया था।



बैंक में गार्ड की बंदू से गोली चलने के बाद घायल को उपचार के लिए ले जाते उसके सहयोगी, सूचना पर पहुंची पुलिस, घटना की जानकारी देती किन्नर व गंभीर रूप से घायल महिला।

# चार्जिंग पर लगे फोन से बात करते समय करंट से विवाहिता की मौत


**❑शव को अस्पताल से जबरन उठा ले गए परिजन**

मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बु.)। संदिग्ध हालातों में करंट लगने से एक विवाहिता की मौत हो गई। विवाहिता को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया , जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विवाहिता के ससुराल वाले शव को जबरन अस्पताल से उठाकर ले गए। सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि भोपा थाना क्षेत्र के गांव वजीराबाद निवासी 28 वर्षीय विवाहिता को बीती रात करंट लगने पर गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। विवाहिता को उपचार के लिए लाने वाले उसके ससुराल वालों ने चिकित्सकों को बताया कि विवाहिता फोन पर बात कर रही थी, उसका फोन चार्जिंग पर लगा था। चार्जर की तार में लगे कट से करंट लगने पर विवाहिता की हालत बिगड़ गई। अस्पताल के चिकित्सकों ने विवाहिता का उपचार शुरू किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जिस समय अस्पतालकर्मी शव को मॉर्चरी में रखने ले जा रहे थे तो मृतका के ससुराल वाले शव को जबरन उठाकर ले गए। अस्पताल प्रशासन ने मामले की सूचना पुलिस को दी है, जिस पर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है।

# मदन गर्ग हत्याकाण्ड के चार आरोपियों को गैंगस्टर में सात-सात साल की सजा

**❑कारोबारी मदन गर्ग की 2009 में रुड़की में हुई थी हत्या, हत्याकांड में आरोपियों को पहले हो चुकी है उम्र कैद की सजा**

मुजफ्फरनगर, 15 सितंबर (बु.)। अदालत ने नई मंडी के व्यापारी मदन गर्ग हत्याकांड में उम्रकैद की सज़ा पाने वाले 4 आरोपियों को काजल, मंजीत खोकर, सलेमान, नीरज मिश्रा को गैंगस्टर अधिनियम में भी दोषी मानते हुए सात वर्ष की सज़ा सुनाई है। दोषियों को 20-20 हज़ार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया गया है।



नई मंडी के व्यापारी मदन गर्ग की 2009 में रुड़की में अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी। गर्ग का शव कई दिन बाद गंगनहर से बरामद हुआ था। इन आरोपियों को पहले ही उम्रकैद की सजा हो चुकी है, जबकि गैंगस्टर के मामले की सुनवाई गैंगस्टर की विशेष अदालत के जज राधेश्याम यादव की कोर्ट में चल रही थी। सरकारी वकील संदीप सिंह की प्रभावी कार्रवाही के चलते हत्या में उम्रकैद की सजा काट रहे चारों आरोपियों को दोषी मानते हुए सात-सात साल के कारावास और 20-20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है, जबकि दो अन्य आरोपियों अखिल दत्ता और विजय शर्मा को सबूत के अभाव में बरी कर दिया गया। बता दें, नई मंडी के व्यापारी मदन गर्ग हत्याकांड मामले में काल डिटेल के आधार पर ही पुलिस ने महिला काजल समेत अन्य छह अभियुक्तों तक पहुंच पाई थी। उक्त मामले में आरोपी मंजीत खोकर निवासी रुड़की ने व्यापारी मदन गर्ग के भाई रघुराज गर्ग से फोन कर के फिरौती की रकम मांगी थी। परिवार फिरौती की रकम भी देने को तैयार था, लेकिन आरोपियों ने मदन गर्ग की हत्या कर शव को गंग नहर में फेंक दिया था। वहीं आरोपी सुलेमान जिसका कि पुराना क्रिमिनल इतिहास है उसने भी हत्या कराने व सबूत मिटाने में अहम भूमिका निभाई थी। काजल के पति व विजय शर्मा ने मदन गर्ग की हत्या करने की पूरी प्लॉनिंग ही बनाई थी। हालांकि बाद में दबिश के दौरान दोनों आरोपी फरार हो गए थे, जिन्हें बाद में दिल्ली में गिरफ्तार किया गया था। उक्त हत्याकांड में व्यापारी मदन गर्ग घर से जाते वक्त अपनी कार में सूटकेस भी रख ले गए थे। सूटकेस में कई चेक पड़े थे, जिस पर आरोपियों ने दस्तखत करवा लिए थे और बाद में बैंक में चेक लगाकर पैसे निकाल लिए। चेक से पैसे निकालने का काम आरोपी मंजीत खोखर ने किया था।

# सोनू सूद के घर पहुंचे आयकर अधिकारी

नई दिल्ली, 15 सितंबर (वार्ता)। लॉकडाउन के दौरान गरीबों के मसीहा बनकर उभरे बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद के घर पर आयकर विभाग में सर्वे किया है। जानकारी के मुताबिक इस वक्त सोनू सूद के घर पर आयकर विभाग के कई बड़े अधिकारी मौजूद हैं। मुंबई में मौजूद सोनू सूद से जुड़ी कुल 6 जगहों पर इनकम टैक्स का सर्वे चल रहा है। बता दें कि यह सर्वे दिल्ली सरकार द्वारा सोनू सूद को मेंटरशिप प्रोग्राम का ब्रांड एंबेसडर बनाए जाने के बाद शुरू हुआ गौरतलब है कि लॉकडाउन के दौरान सोनू सूद लाखों लोगों को उनके घर तक पहुंचाने में मदद कर चुके हैं, इसलिए सोनू सूद को रियल लाइफ में मसीहा कहा जाता है पहले लॉकडाउन के बाद से लेकर अभी तक सोनू सूद लगातार लोगों की मदद कर रहे हैं। सोनू को सोशल मीडिया अकाउंट पर भी बहुत सारे मैसेज आते हैं, जहां तक काम की बात है, तो सोनू को भी हटके बाद और भी सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं, जिससे कि उनकी लोकप्रियता लोगों में और भी बढ़ गई है।




# फूड एंड मूड का मुर्गा खाने से आठ लोग गंभीर

**❑❑खाद्य विभाग की टीम ने होटल में पहुंचकर भरे सैम्पल ❑❑**




मीनाक्षी चौक के निकट स्थित फूड एण्ड मूड रेस्टारेंट, इन्सेट में फूड प्वाइजनिंग का शिकार हुए लोग व मामले की जांच करने पहुंची खाद्य विभाग की टीम। फोटो बुलेटिन

मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बु.)। मेरठ रोड स्थित एक होटल से खरीदा गया खाना खाने से एक परिवार के 8 लोगों की हालत बिगड़ गई। सभी को उपचार के लिए एक प्राइवेट चिकित्सक के यहां भर्ती कराना पड़ा। इस मामले में कार्यवाही की मांग को लेकर जिलाधिकारी से शिकायत की गई, जिसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देशन में खाद्य विभाग की टीम ने होटल पर पहुंचकर जांच की और नमूने लिए।

जिलाधिकारी के नाम दिए गए शिकायती पत्र में अम्बा विहार निवासी हसन अब्बास ने बताया कि उसका भतीजा मॉडल टाउन निवासी नाहिद अब्बास मेरठ रोड स्थित फूड एंड मूड होटल से 13 सितंबर की शाम चिकन खरीदकर ले गया था। पूरे परिवार ने उक्त होटल से लाया गया चिकन खाया, जिसके बाद पूरा परिवार फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गया। पीड़ित नाहिद अब्बास, अली अब्बास, अलीमा जैदी, नादिर अब्बास, सिराज, फातिमा, जैनब, कौशरजहां व तेना कौशर को उपचार के लिए एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से होटल के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की, जिसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देशन में होटल पहुंची खाद्य विभाग की टीम ने वहां बन रहे भोजन आदि के नमूने लिए। टीम ने काफी देर तक होटल में जांच की। खाद्य विभाग की टीम का कहना है कि लिए गए नमूनों की परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# महिला की लाश मिली

शाहपुर, 15 सितंबर (बु.)। थाना क्षेत्र के नया गांव मीरापुर के जंगल में 30 वर्षीय अज्ञात महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने शव की सूचना पर मीरापुर पुलिस चौकी पर दी चौकी प्रभारी दरोगा अक्षय कुमार मौके पर पहुंचे और इस बाबत थाना प्रभारी विंध्याचल तिवारी को सूचित किया। थाना प्रभारी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे और महिला के शव को पंचनामा भरकर परीक्षण हेतु भिजवाया। थाना प्रभारी ने बुलेटिन को बताया कि महिला का शव 24 घंटे पुराना प्रतीत हो रहा है। महिला की मौत किस कारण हुई, इसका खुलासा पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। फिलहाल महिला की शिनाख्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। समस्त थानों को इस बाबत सूचित कर दिया गया है कि उक्त अज्ञात महिला की किसी थाने में गुमशुदगी अथवा अभियोग पंजीकृत हुआ हो, तो वह जानकारी उपलब्ध कराएं। महिला का शव मिलने से आसपास के ग्रामीणों में दिनभर चर्चाएं व्याप्त रही।



# अब पालिका ईओ को विद्युत विभाग ने भेजा एक लाख रुपए का बिल

**❑पालिका ईओ ने पत्र लिख जताई एक्सईएन से नाराजगी**

मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बु.)। नगरपालिका परिषद् में लंबे समय से बकाया भुगतान को लेकर चली आ रही रार का अंत होता दिखाई नहीं दे रहा है। पालिका प्रशासन, विद्युत विभाग के बीच छिड़ी रार अब व्यक्तिगत होने लगी है। इसी रार के चलते विद्युत विभाग ने ईओ के आवास पर लगाया विद्युत कनेक्शन पद नाम के बजाए वर्तमान ईओ के नाम से व्यक्तिगत करने के साथ ही ईओ को एक लाख रुपये से अधिक का विद्युत बिल भेजकर भुगतान मांगा है। ईओ ने विद्युत विभाग की इस हरकत पर कड़ी नाराजगी जताते हुए एक्सईएन को पत्र लिखकर उक्त कनेक्शन का बिल उनके नाम से करने पर जवाब मांगा है। इससे पूर्व भी विद्युत विभाग ने ईओ आवास पर बकाया पांच लाख रुपये से अधिक के बकाया का भुगतान न होने पर आरसी जारी कर दी थी। अब नया बिल मौजूदा ईओ को भेजते हुए शीतयुद्ध को नया मोड़ दिया है।

नगरीय विद्युत वितरण खंड प्रथम टाउनहाल ने पालिका ईओ आवास मकान सं. 200 सिविल लाइन पर लगे विद्युत मीटर के लिए बिल ईओ हेमराज सिंह के नाम पर कर दिया है। विभाग ने उनको वर्तमान बिल निर्गत करते हुए एक लाख रुपये का भुगतान मांगा है। एक्सईएन ओपी मिश्रा ने बताया कि ईओ आवास के लिए पूर्व में पदनाम से बिल जारी किया जा रहा था, लेकिन करीब 5 लाख रुपये के बकाया भुगतान के लिए इस आवास में पूर्व में रहे ईओ को नोटिस भेजा गया। भुगतान के लिए पालिका प्रशासन ने इंकार कर दिया। यह व्यक्तिगत भुगतान किया जाना है। इसके बाद इस आवास के लिए जो भी विद्युत उपयोग की गयी है, उसका बिल मौजूदा ईओ हेमराज सिंह के नाम से भेजा गया है। उन्होंने कहा कि नियमानुसार प्रशासनिक, न्यायिक व पुलिस अधिकारी आवासों के विद्युत बिलों का भुगतान व्यक्तिगत रूप से करते हैं। उधर, ईओ हेमराज सिंह ने व्यक्तिगत विद्युत बिल भेजे जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अब एक्सईएन को पत्र लिखकर उनसे जवाब मांगा है कि उनका नाम विद्युत कनेक्शन कैसे और किस आधार पर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग की ओर से उनके आवास पर लगे 2 किलोवाट क्षमता के एलएमवी-1 श्रेणी के विद्युत संयोजन सं. 556164165079 के लिए मीटर सं. 38848066 के अंतर्गत बिल भेजा है, जो बिल 244 यूनिट के आधार पर बनाया गया, जिसमें वर्तमान भुगतान 1763 रुपये के साथ ही एरियर के रूप में 1 लाख 1 हजार 831 रुपये भी जोड़ा है। कुल 1 लाख 3 हजार 594 रुपये का बिल उन्हें भेज दिया गया, जबकि यह नियमानुसार नहीं है। उन्होंने कहा कि विद्युत कनेक्शन अपने नाम कराने के लिए कोई आवेदन नहीं किया। उन्होंने बिल का भुगतान करने से भी इंकार किया है। वहीं एक्सईएन ओपी मिश्रा ने कहा कि विद्युत बिल में नाम चेंज किए जाने के लिए आवेदन की जरूरत नहीं है। उनका कहना है ईओ हेमराज को बताना होगा कि वह कितने दिनों से इस आवास में रह रहे हैं, उतने ही दिन उपभोग की गयी विद्युत यूनिट के आधार पर उनको बिल जारी कर दिया जायेगा, जिसका भुगतान उनको करना होगा।



